परियोजना प्रबन्धन इकाई
स्वजल परियोजना
उत्तराखण्ड ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना
(पेयजल विभाग, उत्तराखण्ड)
दि इन्स्टीट्यूशन ऑफ इन्जीनियर्स बिल्डिंग, प्रथम तल
दिल्ली(सहारनपुर) रोड, अपोजिट आई0एस0बी0टी0, देहरादून
–248171

फोन : 0135-2643455, 2643380
फैक्स : 0135-2643381
वैब साईट: http://swajal.uk.gov.in
ई मेल : pmu_uttaranchal@rediffmail.com


पत्रांकः /E-1(VIII) /2014 दिनांकः मार्च, 2014

## प्रतिनियक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र जमा करने की तिथि विस्तारीकरण की सूचना।

इस कार्यालय के पत्रांक–2480/E-1(VII)/2014 दिनांक 22 फरवरी, 2014 के द्वारा निर्गत विज्ञप्ति संख्या–01/2014–15 के द्वारा इच्छुक राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभाग अथवा उपक्रमों में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों से दिनांक 15 मार्च, 2014 तक आवेदन पत्र जमा करने की तिथि निर्धारित की गयी थी।

उक्त तिथि को विस्तारित कर 31 मई, 2014 किया गया है। शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगें।

निदेशक

# परियोजना प्रबन्धन इकाई

उत्तराखण्ड ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना
(पेयजल विभाग, उत्तराखण्ड)
इन्स्टीटयूट ऑफ इन्जिनियर्स (IEI), प्रथम तल
निकट–आई0एस0बी0टी0, दिल्ली रोड देहरादून।
Web Site: www.swajal.gov.uk.nic.in E-mail : pmu_uttaranchal@rediffmail.com

विज्ञप्ति संख्या 01/2014–15

## प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति

"उत्तराखण्ड ग्रामीण जल आपूर्ति एवं पर्यावरणीय स्वच्छता परियोजना" उत्तराखण्ड राज्य पेयजल विभाग के अधीन एक पंजीकृत संस्था है, जो ग्रामीण समुदायों की नियोजन, कियान्वयन एवं रख–रखाव में सहभागिता के माध्यम से जलापूर्ति एवं स्वच्छता कार्यों के स्थायित्व विकास का कार्य कर रही है। कार्य उत्तराखण्ड राज्य के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से किये जा रहें हैं, जिसमें अधिकाशतः ग्राम पंचायतों के साथ बैठक, कार्यशालायें आयोजित कर **निर्मल भारत अभियान, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम तथा विश्व बैंक सहायतित सेक्टर कार्यकम** के अधीन मांग आधारित पेयजल योजनाओं का कियान्वयन किया जाना है। पी0एम0यू0, देहरादून एवं इसकी जनपदीय परियोजना प्रबन्धन इकाईयों (डी0पी0एम0यू0) के लिये समय–समय पर रिक्त होने वाले पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने हेतु एक सूची (Empanelment) तैयार करने के उद्देश्य से परियोजना में कार्य करने के इच्छुक राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार/विभिन्न विभागों के उपकम/संस्थानों में कार्यरत अनुभवी अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निम्न वर्णित पात्रता के अनुसार उनके विभागाध्यक्ष द्वारा प्रति–हस्ताक्षरित एवं प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित दिनांक 15 मार्च, 2014 तक स्वयं अथवा डाक द्वारा उपरोक्त पते पर आमंत्रित किये जाते हैं।

| कम सं0 | पदनाम | वेतनमान (रूपये) | पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1. | अपर निदेशक | 16400–20000 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी अधिकारी। |
| | यूनिट कोऑर्डिनेटर (अनुश्रवण एवं मूल्यांकन) | 12000–16500 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान रू0 10,000–15,200 (अपुनरीक्षित) में कार्यरत परियोजना/सेक्टर के अनुभवी अधिकारी |
| 2. | यूनिट कोऑर्डिनेटर (तकनीकी) | 12000–16500 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान रू0 10000–15200 (अपुनरीक्षित) में कार्यरत परियोजना/सेक्टर के अनुभवी अभियन्ता |
| 3. | यूनिट कोऑर्डिनेटर (आपरेशन एण्ड सोशल डेवलेपमेन्ट) | 12000–16500 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान रू0 10000–15200 (अपुनरीक्षित) में कार्यरत परियोजना/सेक्टर के अनुभवी अधिकारी |
| 4. | यूनिट कोऑर्डिनेटर (मानव संसाधन विकास) | 12000–16500 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान रू0 10000–15200 (अपुनरीक्षित) में कार्यरत परियोजना/सेक्टर के अनुभवी अधिकारी |
| 5. | यूनिट कोऑर्डिनेटर (पर्यावरण) | 12000–16500 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान रू0 10000–15200 (अपुनरीक्षित) में कार्यरत परियोजना/सेक्टर के अनुभवी अधिकारी |
| 6. | यूनिट कोऑर्डिनेटर (सैनीटेशन एण्ड हाईजीन प्रोमोशन) | 12000–16500 (अपुनरीक्षित) | प्रान्तीय चिकित्सा सेवा के स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के वेतनमान रू0 10000–15200 (अपुनरीक्षित) में कार्यरत परियोजना/सेक्टर के अनुभवी अधिकारी |
| 7. | परियोजना प्रबन्धक | 12000–16500 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के वेतनमान रू0 10000–15200 (अपुनरीक्षित) में कार्यरत सेक्टर/परियोजना का अनुभव रखने वाले अधिकारी/अभियन्ता |

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान (रूपये) | पात्रता |
|---|---|---|---|
| 8. | उप परियोजना प्रबन्धक | 10000–15200 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के वेतनमान रू0 8000–13500 (अपुनरीक्षित) में कार्यरत सेक्टर/परियोजना का अनुभव रखने वाले अधिकारी/अभियन्ता |
| 9. | परियोजना अधिकारी (संविदा एंव लेखा) | 10000–15200 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के वेतनमान रू0 8000–13500 (अपुनरीक्षित) में कार्यरत अधिकारी |
| 10. | प्रबन्धक (लेखा) | 7450–11500 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के उपयुक्त वाणिज्य स्नातक अनुभवी लेखाकार |
| 11. | कार्यालय प्रबन्धक | 5000–8000 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतनमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी कर्मचारी |
| 12. | कैशियर/लेखाकार | 5500–9000 (अपुनरीक्षित) | स्वीकृत वेतमान से एक स्तर नीचे के पर्याप्त अनुभवी कार्मिक। |

यदि किसी अभ्यर्थी को इस कार्यालय द्वारा प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने सम्बन्धी पत्र निर्गत करने के उपरान्त एक माह की अवधि तक उनके विभागाध्यक्ष द्वारा उन्हें कार्यमुक्त नही किया जाता है, तो उनका अभ्यर्थन स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा। परियोजना प्रबन्धकों एवं उप परियोजना प्रबन्धकों हेतु सिविल/अभियांत्रिकी अभियन्ताओं को वरीयता दी जायेगी। प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने के उपरान्त अनुमन्य सुविधायें जैसे वेतन, पेंशन अंशदान, ग्रेच्यूटी, एल0टी0सी0, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति, परियोजना भत्ता, मकान किराया भत्ता, मोबाईल फोन बिल हेतु निर्धारित सीमा तक व्यय की प्रतिपूति परियोजना द्वारा की जायेगी। सभी पदों हेतु स्वीकृत वेतनमान की सीमा तक पैतृक विभाग में प्राप्त वेतनमान से एक उच्च वेतनमान ही देय होगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं, अन्यथा अग्रिम प्रति के रूप में प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र निम्न प्रारूप में टंकित कर प्रेषित किया जायेगा :–

(1) आवेदित पद का नाम (2) अभ्यर्थी का नाम (3) जन्म तिथि (4) शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव (5) पैतृक विभाग का नाम एवं पत्राचार हेतु पता (6) कार्यालय का नाम एवं पत्राचार हेतु पता जहां वर्तमान में कार्यरत है (7) वर्तमान में धारित पद का नाम (8) वर्तमान वेतनमान एवं उसमें नियुक्ति की तिथि (9) फोन एवं फैक्स नम्बर।

उपरोक्त आवेदन पत्र के साथ अभ्यार्थी की पाँच वर्षो की चरित्र पंजिका की प्रमाणित प्रतियां भी भेजी जानी अनिवार्य है। साथ ही यह भी प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा कि "आवेदक अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक अथवा विभागीय जाँच लम्बित नहीं है और न ही पूर्व मे उन्हें कभी दण्डित किया गया हैं।" ऐसे सभी अभ्यर्थी जिनकी पात्रता उनके सम्मुख पद नाम के अनुसार संतोषजनक पायी जायेगी, उन्हीं अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन पर विचार किया जायेगा।

निदेशक, स्वजल